सत्यं शिवं सुन्दरम् अवबोधयत्
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय)
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीतसिंह मार्ग,
नई दिल्ली-110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
18, INSTITUTIONAL AREA, SJS MARG
NEW DELHI- 110016

फा. 11-PUB0KM/1/2019-Publication

सिर्फ ई–मेल के माध्यम से
दिनांकः 01 .07.2019

सेवा में,
उपायुक्त / निदेशक
समस्त संभाग / जीट
केंद्रीय विद्यालय संगठन

प्राचार्य, के.वि. काठमाण्डु, तेहरान, मॉस्को

विषयः काव्य मंजरी (2019) के 13वें अंक के प्रकाशन के संदर्भ में।

महोदय / महोदया

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रकाशित की जाने वाली 'काव्य मंजरी' के 13वें अंक हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। इस पुस्तक के लिए केवल केन्द्रीय विद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारी गण अपनी रचनाएं भेज सकते हैं। रचनाएं भेजने के लिए कृपया निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालना करें।

- कविताएं **हिंदी अथवा अंग्रेजी** भाषा में भेजी जा सकती हैं।
- कविताएं **स्वरचित होनी चाहिए** और उसे **स्वप्रमाणित** कर प्रेषित करें।
- हिंदी अथवा अंग्रेजी में **केवल एक ही प्रविष्टि** भेजें।
- ध्यान रखें कि कविताएं **अत्यधिक लंबी नहीं होनी** चाहिए।
- हिंदी की कविताएं **कृति–10 या यूनिकोड फॉण्ट** में ही भेजें।
- अंग्रेजी कविताओं के लिए **टाइम्स रोमन फॉण्ट** का प्रयोग करें।
- कविताएं केवल **एमएस वर्ड फाइल** पर ही भेजें। जेपीजी या पीडीएफ फाइल को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- स्वप्रमाणित कविता को कवरिंग लेटर के साथ केवल इमेल के माध्यम से नीचे दी गई ईमेल आईडी पर भेजना है। किसी भी कविता ही हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।
- कविता के अंत में अपना **नाम, पद, के.वि. का** नाम, पता और **मोबाइल** नंबर अवश्य लिखें।

आवरण पृष्ठ

- पुस्तक के आवरण पृष्ठ के लिए भी कला शिक्षकों से प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं।
- कला शिक्षक भी केवल एक कवर डिजाइन भेज सकते हैं।
- डिजाइन का साइज इतना बड़ा हो कि कंप्यूटर पर आसानी से देखा जा सकता हो।
- आवरण पृष्ठ के साथ अपना **नाम, पद, के.वि.** का नाम, पता **और मोबाइल नंबर** अवश्य लिखें।

सभी प्रविष्टियां भेजने की **अंतिम तिथि 31 जुलाई 2019** है। इसके उपरांत कोई भी प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रविष्टियां इस ईमेल आईडी पर भेजी जा सकती है: kavyamanjari.kvs@gmail.com

भवदीय

(डॉ. ई. प्रभाकर)
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)